न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कपासन, जिला चित्तौड़गढ़

पीठासीन अधिकारी– राजेश सुवालका (आर.ए.एस.)

प्रकरण संख्या	दायर दिनांक	निर्णय दिनांक
75 / 2025	02.05.2025	23.05.2025

अनवान

1. रामा पिता हरा जाति भांबी आयु वयस्क निवासी मेवदा तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
2. गोपी पत्नी रामा जाति भांबी आयु वयस्क निवासी मेवदा तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।

प्रार्थीगण

बनाम

1. रतनलाल पिता छोगालाल जाति जाट आयु वयस्क निवासी मेवदा तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
2. लेहरूलाल पिता छीतर जाति जाट आयु वयस्क निवासी मेवदा तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
3. अमरचन्द पिता उदयराम जाति जाट आयु वयस्क निवासी मेवदा तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
4. देवीलाल पिता चुन्नीलाल जाति जाट आयु वयस्क निवासी मेवदा तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
5. जीतु पिता सुरजमल जाति जाट आयु वयस्क निवासी मेवदा तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
6. बाबरू पिता दयाराम जाति चमार आयु वयस्क निवासी मेवदा तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
7. सोहनदास पिता गोवर्धन दास वैरागी आयु वयस्क निवासी मेवदा तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
8. रतन पिता हीरा जाति चमार आयु वयस्क निवासी मेवदा तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
9. बंशीलाल पिता रामचन्द्र सुखवाल आयु वयस्क निवासी मुंगाना तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
10. चुन्नीलाल पिता रघुनाथ जाति भांबी आयु वयस्क निवासी मेवदा तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।

अप्रार्थीगण

उपस्थितिः– अधिवक्ता श्री मनोज कुमार जाट — प्रार्थीगण
एकतरफा — अप्रार्थीगण

–:: प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राज0 भू–राजस्व अधिनियमः:–

–:: निर्णय ::–

संक्षेप में विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थीगण ने अप्रार्थीगण के विरूद्ध प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 128 राज0 भू–राजस्व अधिनियम, 1956 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि मौजा मेवदा पटवार हल्का मुंगाना तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ की जमाबंदी संवत् 2074–2077 के खाता संख्या 138 की अभिलिखित आराजीयात आराजी संख्या 1259, 1260, 1309, 1310, 1311, 1314, 1315, 1316, 499, 500, 501, 503 कुल किता 12 कुल रकबा 3.42 हैक्ट0 तथा खाता संख्या 140 के आ0सं0 1553 / 1309 रकबा 0.61 हैक्ट0

सहायक कलेक्टर
(उपखण्ड अधिकारी)
कपासन जिला-चित्तौड़गढ़

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी, कपासन
जिला चित्तौड़गढ़

भूमि प्रार्थीगण के संयुक्त खातेदारी एवं कब्जे काश्त की है, और अप्रार्थीगण आराजियात जैर–बहस के पडौसी खातेदारान है। प्रार्थीगण एवं विपक्षीगण की आराजियात बीच कोई स्थाई सीमा चिन्ह नहीं होने के कारण विवाद होता रहता है। अतः प्रार्थीगण की खातेदारी की आराजियात की मौके पर अभिलेख अनुसार नपती की जाकर मौके पर स्थाई सीमा–चिन्ह स्थापित किया जावें। प्रार्थीगण वर्णित भूमि के संयुक्त खातेदार काश्तकार है।

इस पर प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। आज दिनांक 23.05.2025 को अप्रार्थीगण के बावजूद सूचना के हाजिर नहीं आने से विरूद्ध कार्यवाही एक तरफा किये जाने का आदेश दिया गया। हाजिर वकील प्रार्थीगण द्वारा प्रकरण का निरतारण आज ही किये जाने की ईश्तदुआ की गई। हाजिर वकील प्रार्थीगण द्वारा निवेदन किया गया कि मामला पत्थरगढी का है व प्रार्थीगण अपनी आराजीयात की पत्थरगढी कराना चाहते है, अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जावें। हमने प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। चिंतन मनन किया एवं पत्रावली को वास्ते आदेश नियत किया गया।

हमने पत्रावली का आद्यौपान्त अवलोकन किया। प्रार्थीगण की ओर से प्रस्तुत राजस्व अभिलेख नकल जमाबन्दी का अवलोकन किया गया। प्रकरण के तथ्यों व बहस पर मनन किया। प्रार्थीगण आराजियात जैरबहस के संयुक्त खातेदार काश्तकार हो कर इन्हें आराजीयात जैर–बहस की नपती करा पत्थरगढी कराने का अधिकार निहित है। उपर्युक्त विवेचन के क्रम मे प्रार्थी प्रार्थना पत्र में अंकित भूमि के संयुक्त खातेदार काश्तकार होने से सीमाज्ञान कराने के अधिकारी होने से प्रार्थना पत्र अर्न्तगत धारा 128 राज0 भू–राजस्व अधिनियम, 1956 स्वीकार किया जाता है कि प्रार्थीगण की खातेदारी की आराजीयात मौजा मेवदा पटवार हल्का मुंगाना तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ की जमाबंदी संवत् 2074–2077 के खाता संख्या 138 की अभिलिखित आराजीयात आराजी संख्या 1259, 1260, 1309, 1310, 1311, 1314, 1315, 1316, 499, 500, 501, 503 कुल किता 12 कुल रकबा 3.42 हैक्ट0 तथा खाता संख्या 140 के आ0सं0 1553/1309 रकबा 0.61 हैक्ट0 कृषि भूमि फरीकेन मुकदमा को सूचित किया जाकर उनकी उपस्थिति में किसी न्यायालय का स्थगन न हो तो, किसी को बिना बेदखली एवं बिना किसी के कब्जे काश्त में दखलन्दाजी किये पत्थरगढ़ी की जावे। पत्थरगढी हेतु भू0अभि0निरी0 धमाणा को 1000/– रूपये शुल्क पर मौका कमिश्नर नियुक्त किया जाता है, कमिश्नरी शुल्क का रिकार्ड विधिवत संधारित किया जाकर पालना रिपोर्ट मय पर्चा मौका एवं मौका नक्शा इस न्यायालय में आवश्यक रूप से पेश करे तथा कमिश्नरी फीस प्रार्थी से मौके पर प्राप्त करें। पालनार्थ तहसीलदार कपासन को तहरीर जारी करे।

पत्रावली की निर्णित इन्द्राज की जाकर बाद आवश्यक कार्यवाही अभिलेखागार में भिजवाई जावें। निर्णय आज दिनांक 23.05.2025 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी कपासन जिला चित्तौडगढ़

(महेश सुवालका)
(उपखण्ड अधिकारी)
कपासन जिला- चित्तौडगढ